# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890




फोटो साभार । प्रेम शंकर धाकड़

# शिवरात्रि आज : तिलस्वां महादेव आस्था, इतिहास और चमत्कार का संगम

## तिल के आकार के स्वयंभू शिवलिंग के लाखों श्रद्धालु करेंगे दर्शन, सात दिवसीय मेले की भव्य शुरुआत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा / बिजोलिया ।

**कपिल श्याम विजय / नरेश धाकड़**

आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अरावली पर्वत श्रृंखला के मध्य ऐरू नदी किनारे स्थित तिलस्वां महादेव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ने जा रहा है।

लाखों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए यहां पहुंचेंगे। पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है और सात दिवसीय मेले की भव्य तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### देश के सबसे छोटे शिवलिंगों में शामिल, तिल के समान स्वरूप

तिलस्वां महादेव की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थापित स्वयंभू शिवलिंग है, जो आकार में 'तिल' के समान माना जाता है। यही कारण है कि यह धाम 'तिलस्वां' नाम से विख्यात हुआ। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। महाशिवरात्रि पर मंदिर 24 घंटे दर्शनार्थ खुला रहेगा, जबकि सामान्य दिनों में सुबह 4 बजे मंगला आरती से रात्रि 9 बजे तक दर्शन होते हैं।

### पवित्र कुंड और 'केसर गार' की अनूठी आस्था

मंदिर के सामने स्थित विशाल गोलाकार कुंड श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। लोकमान्यता है कि इस पवित्र जल में स्नान करने और यहां की मिट्टी जिसे स्थानीय भाषा में 'केसर गार' कहा जाता हैका लेपन करने से असाध्य रोगों में राहत मिलती है। रोग निवारण की आस्था लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को यहां 'तिलस्वां महादेव के कैदी' कहा जाता है। वे सुबह-शाम आरती में शामिल होते हैं और कुंड की परिक्रमा कर भोलेनाथ से आरोग्यता की कामना करते हैं।

### 10वीं-12वीं सदी की ऐतिहासिक विरासत

इतिहास के अनुसार मंदिर की स्थापना 10वीं से 12वीं शताब्दी के मध्य मानी जाती है। जनश्रुति के अनुसार मेनाल के राजा हवन को कुष्ठ रोग होने पर एक सिद्ध योगी ने यहां के कुंड में स्नान करने की सलाह दी थी। रोग से मुक्ति मिलने पर राजा ने यहां भव्य शिव मंदिर का निर्माण करवाया।

मुख्य मंदिर के दोनों ओर गणेश एवं अन्नपूर्णा के मंदिर, विशाल सभा मंडप और तीन भव्य सिंहद्वार इसकी स्थापत्य कला को विशेष बनाते हैं।

### सात दिवसीय मेले में सुरक्षा और सुविधाओं के विशेष इंतजाम

महाशिवरात्रि मेले को लेकर 'श्री तिलस्वां महादेव मंदिर ट्रस्ट' ने व्यापक प्रबंध किए हैं। ट्रस्ट के संरक्षक इन्जी. कन्हैयालाल धाकड़, अध्यक्ष रमेशचंद्र अहीर और सचिव मांगीलाल धाकड़ के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा और आवास की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।विभिन्न समाजों की धर्मशालाएं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं। प्रशासन की ओर से भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

### भजन, रात्रि जागरण और विशेष श्रृंगार

आज रात्रि में आरती, महामृत्युजय जप, नमक चमक पाठ, नमः शिवायः जप, महारूद्र लघुरूद्र,अभिषेक, हवन, रात्रि जागरण आदि होंगे। पूरे मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त रहेगा। सावन, सोमवार, पूर्णिमा और अमावस्या को भी यहां भारी भीड़ रहती है, लेकिन महाशिवरात्रि का उत्सव सबसे भव्य और दिव्य माना जाता है।










# शक्करगढ़ में ओम बिरला के निजी सचिव हरिनंद कहार का स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निजी सचिव हरिनंद कहार का शनिवार को जोजर चौराहे पर स्वागत किया गया।

अंबेडकर विचार मंच शक्करगढ़-किशनपुरा के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में ग्रामीणों ने कहार का अभिनंदन किया। हरिनंद कहार शाहपुरा में आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत करने जा रहे थे। इसी दौरान वे अल्प समय के लिए शक्करगढ़ रुके। जहां सांवरिया सालवी, सत्यनारायण सेन, सतीश मंत्री, परमेश्वर बलाई, कमल साहू, नंदराज मेघवंशी, ओम प्रकाश मेघवंशी, रॉबिन राव एवं कन्हैया सेन सहित कई ग्रामीणों से मुलाकात की।



# अवैध बजरी परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

**विक्रम सिंह** पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के कटारिया खेड़ा स्थित बनास नदी के समीप एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया अचानक की गई इस कार्रवाई से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया।

थाना प्रभारी मालीराम ने बताया कि पुलिस को बनास नदी किनारे अवैध रूप से बजरी परिवहन की सूचना मिली थी सूचना पर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रुकवाया जांच के दौरान वाहन में अवैध रूप से बजरी भरी होना पाया गया, जिसके बाद उसे जब्त कर लिया गया।

# डॉ. विकास का शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

शिक्षा क्षेत्र में आसींद ब्लॉक के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय के उप प्रधानाचार्य डॉ. विकास टेलर का शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका आर्चीवस ऑफ़ करंट इंटरनेशनल में प्रकाशित हुआ है।

उनके शोध पत्र का शीर्षक मेथडोलॉजी फॉर राइटिंग रिव्यू आर्टिकल्स इन बायोलॉजिकल साइंसेजः ए सिस्टेमैटिक एंड स्कॉलरली गाइड है, जो जैविक विज्ञान के शोधार्थियों के लिए मार्गदर्शिका का कार्य करेगा।

जर्नल के मुख्य प्रबंध संपादक डॉ. एम. बी. मोंडल द्वारा जारी स्वीकृति के अनुसार शोध पत्र ने अंतरराष्ट्रीय मानकों की कठोर पीयर-रिव्यू (सहकर्मी समीक्षा) प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की है। यह शोध जर्नल के वॉल्यूम 26, अंक 2 (2026) में प्रकाशित हुआ है।



इस शोध में मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश व पश्चिम बंगाल के विशेषज्ञों का भी सहयोग रहा। डॉ. टेलर की इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग व क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# गोपालपुरा में छात्राओं को साइकिल वितरित



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

**रमेश गुर्जर।** बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत गोपालपुरा पंचायत मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 में अध्ययनरत छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। प्रधानाचार्य कमलेश कुमार भील ने बताया कि इस सत्र में अध्ययनरत नौ छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। छात्राओं ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। दूरदराज क्षेत्र से आने वाली छात्राओं को इस योजना का विशेष लाभ मिलेगा। वितरण समारोह में गोपालपुरा पंचायत प्रशासक अशोक धाकड़, सामाजिक कार्यकर्ता रामस्वरूप किराड़, वार्ड पंच नगजीराम किराड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।


# 18 फरवरी से 36 घंटे बंद रहेगी चम्बल पेयजल आपूर्ति, शहर सहित जिले में सप्लाई रहेगी प्रभावित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के अंतर्गत जिले में की जा रही पेयजल आपूर्ति 18 फरवरी को 36 घंटे के लिए प्रभावित रहेगी। परियोजना के फेज-I, पैकेज-I एवं II के तहत रॉ एवं क्लियर वॉटर पंपिंग तथा ट्रांसमिशन सिस्टम के साथ-साथ आरोली स्थित जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) के वार्षिक रखरखाव एवं प्रिवेंटिव मेंटेनेंस कार्य के चलते यह शटडाउन लिया जा रहा है।




जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, परियोजना खंड-प्रथम के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि 18 फरवरी को सुबह 7 बजे से 36 घंटे का शटडाउन रहेगा। इसके कारण 18 फरवरी की शाम से 20 फरवरी की सुबह तक भीलवाड़ा शहर सहित जिले में चम्बल से होने वाली पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।



स्मृति वन में डूबते सूरज की किरणों संग पानी में तैरती शांति, और किनारे चहलकदमी करते सफेद हंस ( साभार : राजेश जिनगर )

# नवगठित सोपुरा जाटों ग्राम पंचायत का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** राज्य सरकार के आदेशानुसार सवाईपुर से अलग होकर बनी नवगठित सोपुरा जाटों ग्राम पंचायत का शनिवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। पंडित सत्यनारायण शर्मा के मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन हुआ, जिसके बाद निवर्तमान प्रधान करण सिंह बेलवा एवं मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने कार्यालय का फीता काटकर लोकार्पण किया।इस अवसर पर अतिथियों का साफा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। प्रधान बेलवा ने कहा कि नई ग्राम पंचायत बनने से पटवारी, ग्राम सेवक सहित अन्य कार्यालय यहीं संचालित होंगे, जिससे विकास कार्यों में गति आएगी और अलग से फंड प्राप्त होगा। बनास नदी पर जीरो लेवल एनीकट निर्माण की मांग भी दोहराई गई।



कार्यक्रम में पूजा-अर्चना के बाद सरपंच की कुर्सी पर शिव परिवार की तस्वीर स्थापित की गई। हिंदू युवा वाहिनी अध्यक्ष देवराज जाट ने बताया कि सोपुरा गांव की स्थापना भी महाशिवरात्रि के दिन हुई थी, इसलिए इसी पावन अवसर पर पंचायत का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पुलवामा हमले के शहीदों को अधिवक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ता स्नेह परिवार ग्रुप की ओर से पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने शहीदों की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।




इस अवसर पर अधिवक्ता पीरू सिंह गौड़, कार्यक्रम संयोजक अनिल कुमार पारीक, सूर्यप्रकाश सरगरा, बालू लाल उपाध्याय, सरिता स्वर्णकार, अनीता व्यास, नवनीत कुमावत, राजकुमार सोनी, मनोहर लाल बुनकर, रवि गोरानी, प्रताप तेली, दुर्गेश शर्मा, संजय सेन, राधेश्याम विजयवर्गीय, राघवेंद्र नाथ व्यास, राकेश जैन, संजय चतुर्वेदी, महेश सोलंकी, इम्तियाज़ अंसारी, किशोर गहलोत, सुधीर डांगी सहित अनेक अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

# महाशिवरात्रि महोत्सव की शुरुआत, गोपालेश्वर महादेव में तीन दिवसीय आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

कस्बे के प्रमुख शिवालयों में महाशिवरात्रि महोत्सव की धूम शुरू हो गई है। मुख्य श्री गोपालेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार से तीन दिवसीय महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। पहले दिन भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती को मंगल गीतों के बीच हल्दी-मेहंदी की रस्म अदा की गई, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। रविवार को सुबह 5 बजे शिव-पार्वती के अभिषेक के साथ मुख्य पर्व की शुरुआत होगी। रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा तथा भगवान शिव के चार पहर में चार विशेष अभिषेक और आरती की जाएगी। सोमवार शाम 4:30 बजे मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जो नगर भ्रमण के बाद पुनः मंदिर पहुंचेगी। इसके पश्चात महाआरती और छप्पन भोग के साथ तीन दिवसीय महोत्सव का समापन होगा।



# रणकेश्वर महादेव की निकली भव्य मुकुट यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा।**

महाशिवरात्रि के उपलक्ष में रणकेश्वर महादेव की भव्य मुकुट यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा रेडी वाले महादेव से प्रारंभ होकर बस स्टैंड होते हुए रणकेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुए। यात्रा में पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धनराज गुर्जर सहित जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर आशीर्वाद लिया। मार्ग में जगह-जगह ड्रोन और जेसीबी से पुष्पवर्षा की गई तथा ग्रामीणों द्वारा फल, पेयजल आदि की व्यवस्था की गई।

13 फरवरी से अखंड रामायण पाठ चल रहा था। संतों के सानिध्य में बाबा भोलेनाथ का मुकुट चढ़ाया गया।



शिव-पार्वती विवाह, अघोरी नृत्य और महाकाल तांडव की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण रहीं। 91 गांवों की प्रभात फेरियों और कलाकारों की प्रस्तुतियों से पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' और 'ओम नमः शिवाय' के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसादी का आयोजन किया गया।



QUICK BITES

## श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया।

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में श्रीमुनिसुव्रतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया ।

प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि सुबह मुनिसुव्रतनाथ, शांतिनाथ एवं पार्श्वनाथ भगवान पर श्रावकों ने बारी-बारी से महामस्तकाभिषेक किया। ओमप्रकाश अग्रवाल ने मूनिसुव्रतनाथ, सुदर्शन अग्रवाल व चांदमल जैन, ताराचंद अग्रवाल ने शांतिनाथ,पार्श्वनाथ भगवान पर शांतिधारा की। इस उपरांत निर्वाण कांड के पाठ द्वारा मुनिसुव्रतनाथ भगवान के मोक्ष कल्याण का निर्वाण लाडू सामूहिक रूप से चढ़ाया। जयकारों से वातावरण गूंज उठा। बधाई गीत के साथ महिलाओं ने भक्ति नृत्य किया। मुनिसुव्रतनाथ भगवान की पूजा- अर्चना कर श्रावक-श्राविकाओं ने अर्ग समर्पण किये। इस अवसर पर कई धर्मालुगण उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय फेडरेशन कप में माया माली का कमाल, जीता कांस्य पदक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में 13 से 15 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सीनियर फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की माया माली ने 72 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर राजस्थान का मान बढ़ाया। सुखाड़िया स्टेडियम में नियुक्त एवं केसरी नंदन व्यायाम शाला की खिलाड़ी माया ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब की पहलवानों को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर व्यायाम शाला के पदाधिकारियों व पहलवानों ने माया और प्रशिक्षक जगदीश जाट को बधाई दी।

## महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के शिक्षकों की स्थायीकरण की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।



महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के संविदा सहायक अध्यापकों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपा। बड़लियास विद्यालय के अभिषेक शर्मा व सचिन अजमेरा ने बताया कि उनके तीन संविदा व तीन शैक्षणिक सत्र 31 मार्च 2026 को पूर्ण हो रहे हैं, लेकिन बजट घोषणा के अनुरूप सेवा अनुभव में दो वर्ष की छूट का आदेश अब तक जारी नहीं हुआ है।

अध्यापकों ने अनुभव गणना में छूट का आदेश शीघ्र जारी करने तथा चरणबद्ध नियमितीकरण के लिए पारदर्शी एसओपी लागू करने की मांग की।

# टेंपो का टायर फटने से बड़ा हादसा, 8 घायल

## विधायक लालाराम बैरवा ने दिखाई तत्परता, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।

**गजानंद जोशी ।** नेशनल हाईवे 148ड पर शनिवार को जसवंतपुरा पेट्रोल पंप के सामने टेंपो का टायर अचानक फटने से बड़ा सड़क हादसा हो गया। टायर फटते ही टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार 8 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। हादसे में नंदू देवी (42) पत्नी हेमराज कहार निवासी बदनपुरा, विमल (19) पुत्र मोहन बैरवा निवासी शक्करपुरा, सुलेखा (19) पुत्री मदन बैरवा निवासी शक्करपुरा, युवराज (18) पुत्र दुर्गालाल निवासी बदनपुरा, मती शांति देवी (38) पत्नी महावीर बैरवा निवासी फूलनगर, मानी देवी (40) पत्नी लालाराम कहार निवासी बदनपुरा, पूजा (19) पुत्री शंकरलाल बैरवा निवासी शक्करपुरा तथा दुर्गा (30) पत्नी सीताराम कहार निवासी बनास चौराहा घायल हुए। घटना स्थल पर मौजूद मंगल सिंह मीणा, कमलेश मीणा तथा भागचंद मीणा सहित अन्य ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। कुछ यात्री टेंपो के नीचे दब गए थे, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। इसी दौरान शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा वहां से गुजर रहे थे। हादसा देख उन्होंने तुरंत वाहन रुकवाया और घायलों को बाहर निकालने में सहयोग किया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को विधायक ने अपनी गाड़ी से स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। समय पर उपचार मिलने से घायलों की स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त टेंपो को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। घायलों का उपचार जारी है।



# पीएम श्री राजकीय बालिका विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यशाला आयोजित

## छात्राओं को कानूनी अधिकारों व कर्तव्यों की दी गई विस्तृत जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा।

प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने बताया कि कार्यक्रम में प्राधिकरण की ओर से न्यायाधीश पूजा मीणा, गिरीशा मीणा, लीगल हेड विकास गायरी एवं फारूक पठान ने विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम तथा महिला अधिकारों से संबंधित कानूनों पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि उत्पीड़न या समस्या की स्थिति में छात्राएं किस प्रकार निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकती हैं।



समन्वयक महिला एवं बाल विकास गंगा दाधीच ने बाल विवाह रोकथाम संबंधी शपथ दिलाई। उप प्रधानाचार्य ने प्राधिकरण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं छात्राओं के सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन व्याख्याता एम. कोडिस ने किया।

# प्रेस क्लब आसींद की बैठक सम्पन्न, निर्विरोध नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

बन्नी के बालाजी मंदिर सवाईभोज परिसर में शनिवार को प्रेस क्लब की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। प्रेस क्लब के दो वर्षीय कार्यकाल की पूर्णता के उपलक्ष्य में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में विकास कार्यों एवं पत्रकार हितों पर व्यापक सहमति बनी।

बैठक में पिछले दो वर्षों के कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए नवीन प्रेस क्लब भवन निर्माण, भूमि आवंटन तथा पत्रकारों के लिए आवासीय कॉलोनी के प्रयास जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार किया गया। इन कार्यों की जिम्मेदारी नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सौंपी गई।



प्रेस क्लब की गरिमा एवं एकता को बनाए रखते हुए सभी पदों पर निर्विरोध चयन किया गया। संरक्षक पद पर निसार अहमद शेख एवं दिनेश साहू, अध्यक्ष पद पर सम्पत शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष परमवीर सिंह कटार, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार रेगर व प्रकाश खटीक, महासचिव टीकमचंद सोनी, सचिव सुरेश मेघवंशी, कोषाध्यक्ष सांवर मल शर्मा, महामंत्री विजयपाल सिंह तथा प्रवक्ता पद पर जगदीश गर्ग को नियुक्त किया गया।



संरक्षक दिनेश साहू ने कहा कि संगठन की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। निर्विरोध चयन यह दर्शाता है कि आसींद के सभी पत्रकार साथी पत्रकारिता के मूल्यों और हितों की रक्षा के लिए एकजुट हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सम्पत शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका प्रमुख उद्देश्य क्षेत्र के पत्रकारों के हितों की रक्षा करना, आपसी समन्वय को मजबूत करना तथा पत्रकारिता की गरिमा को बनाए रखना रहेगा। बैठक में संगठन के सभी सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# विधायक कोठारी ने विधानसभा में उठाया भीलवाड़ा की पेयजल व्यवस्था का मुद्दा

## अमृत-2 और मुख्यमंत्री शहरी जल जीवन मिशन की प्रगति पर मांगा जवाब

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से शहर की पेयजल व्यवस्थाओं को लेकर राज्य सरकार से शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने विस्तृत जानकारी मांगी है। उन्होंने अमृत-2 योजना एवं मुख्यमंत्री शहरी जल जीवन मिशन के तहत भीलवाड़ा को मिली स्वीकृतियों और कार्य प्रगति की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

विधायक कोठारी ने पूछा कि क्या विधानसभा क्षेत्र में अमृत-2 योजना अंतर्गत 131.58 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल परियोजना स्वीकृत की गई है? यदि हां, तो वर्तमान में कार्य किस चरण में है तथा अब तक कितनी प्रगति हुई है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि एक वर्ष पूर्व डीपीआर स्वीकृत होने तथा तकनीकी व वित्तीय बिड खुलने के बावजूद अब तक कार्यादेश जारी नहीं किए गए, इसके पीछे क्या कारण हैं।



उन्होंने बजट घोषणा 2025-26 में घोषित मुख्यमंत्री शहरी जल जीवन मिशन का हवाला देते हुए पूछा कि क्या भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र को इस योजना में शामिल किया गया है। यदि हां, तो कार्य कब तक प्रारंभ होंगे तथा स्वीकृत बजट की वर्तमान स्थिति क्या है। साथ ही योजना की मार्गदर्शिका सहित संपूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखने की मांग की।

विधायक कोठारी ने प्रदेशवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार की जमीनी कार्ययोजना पर भी प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि केवल घोषणाएं पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समयबद्ध क्रियान्वयन आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने वर्ष 2019 से अब तक भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में लगाए गए हैंडपम्प एवं ट्यूबवेल की वर्षवार संख्या, खर्च की गई धनराशि तथा संबंधित ठेकेदारों एवं फर्मों के नाम सहित विस्तृत जानकारी मांगी। साथ ही बजट घोषणा के अनुरूप सभी जिलों में स्वीकृत राशि जारी होने की स्थिति स्पष्ट करने को कहा।

विधायक कोठारी ने कहा कि भीलवाड़ा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या लंबे समय से गंभीर विषय रही है। ऐसे में स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी चिंताजनक है। उन्होंने सरकार से पारदर्शिता बरतते हुए शीघ्र कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ करने का आग्रह किया।




# श्री तिलस्वां महादेव

## 7 दिवसीय मेला में

**महाशिवरात्रि पर्व** पर शिव भक्तों का

**हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन**

© भीलवाड़ा फोकस

**ऐतिहासिक पवित्र, धार्मिक शिव नगरी तिलस्वां**

में पधारें सभी धर्म प्रेमी बन्धुओं का

**हार्दिक आभार एवं अभिनन्दन ।**

**आइये बनाएं स्वच्छ सुन्दर तिलस्वां**

असाध्य रोगो से निवारण, मनोवांछीत मनोकामना पूर्ण करने वाले श्री तिलस्वा महादेव में वर्ष भर शिव भक्तो का ताता लगा रहता है। सोमवार, पुर्णिमा, प्रदोष, आमवस्या पर कांकरी गुदने हजारों की संध्या में शिव भक्त पहुचते है

कुष्ठ रोग निवारण के लिए विख्यात तिलस्वां महादेव के सात दिवसीय मेले में पधार कर विभिन्न धार्मिक, सांस्कृति व अन्य कार्यक्रमों के साथ ही शिव दर्शनों व मेले का लाभ उठायें।।

**जय शंकर की बोलने मात्र से ही व मिट्टी व कुंड के जल से असाध्य रोगों से छुटकारा मिलता है**

निवेदकः - इन्जी. कन्हैयालाल धाकड़ -पूर्व जिलाप्रमुख एवं ट्रस्टी,
रमेश चन्द्र अहीर - अध्यक्ष, मांगीलाल धाकड़ सचिव,
एवं समस्त ट्रस्टीगण एवं नागरिकगण,



तिलस्वां महादेव में श्रृंगारित शिवलिंग

श्री तिलस्वां महादेव मंदिर ट्रस्ट
तिलस्वां महाशिवरात्री पर्व पर

## पुजन अभिषेक

**दिनांक 15:02:2026 रविवार**
फाल्गुन कृष्णा 13 रविवार
प्रथम पुजन रात्री 9 बजे
द्वितीय पुजन अभिषेक मध्य रात्री 12 बजे
उत्तर पुजन अभिषेक 3:00 बजे

**16:02:2026 सोमवार**
फाल्गुन कृष्णा 14
प्रातः 10:00 बजे से पुजन, हवन

**17:02:2026 मंगलवार**
अमावस्या
पूजन, अभिषेक, हवन,
खप्पर पूजन व पूर्णाहूति

**श्री तिलस्वां महादेव मंदिर ट्रस्ट तिलस्वां जिला- भीलवाड़ा**

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।